
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जन्मदिन विशेष

17 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

एक बार जब आप अपने लक्ष्य से संतुष्ट हो

जाते हैं, तो वही असली खुशी है।

साइना नेहवाल

( प्रसिद्ध बैडमिंटन खिलाड़ी )

जन्म: 17 मार्च 1990



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**17 मार्च**

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, सोमवार 17 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

**अगर आप दुख गिनने बैठेंगे तो जाहिर तौर पर खुशियां गिनना भूल जाएंगे।**

**If you sit down to count sorrows, you will obviously forget to count happiness.**

## आज के दिन

**1406–** अरब इतिहासकार, समाजशास्त्री इब्ने खल्दून का जन्म।

**1861–** इटली का एकीकरण।

**1957–** फिलीपींस के राष्ट्रपति रैमन मैग्सेसे का हवाई दुर्घटना में निधन।

**1961–** भारतीय अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का जन्म हुआ।

**1990–** भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी सायना नेहवाल का जन्म हुआ।

**2004–** नासा का मैसेंजर बुध ग्रह की कक्षा में प्रवेश करने वाला पहला अंतरिक्ष यान बना।

## वार्षिक मूल्यांकन 2025

प्रथम पाली : 10:00 से 12:00 बजे कक्षा 3–5 के लिए हिन्दी

द्वितीय पाली : 01:00 से 03:00 बजे कक्षा 6–8 के लिए हिन्दी

1. **खानवा का युद्ध–** पंजाब के सुबेदार दौलत खां लोदी, इब्राहिम लोदी के चाचा अलाउद्दीन और राणा सांगा ने बाबर को भारत पर आक्रमण करने के लिए न्योता दिया। राणा सांगा ने बाबर को यह समझ कर निमंत्रण दिया था कि वह दिल्ली की लोदी सत्ता को नष्ट–भ्रष्ट कर वापस लौट जायेगा। लेकिन बाबर ने राणा सांगा पर आरोप लगाया कि उसने अपने वायदे के अनुसार इब्राहिम लोदी के विरूद्ध युद्ध में बाबर की सहायता नहीं की। इस प्रकार, 17 मार्च, 1527 ई. को फतेहपुर सीकरी के निकट खानवा का युद्ध मुगल शासक बाबर और चित्तौड़ के राजा राणा सांगा (राणा संग्राम सिंह) के बीच हुआ था। राणा सांगा का साथ मारवाड़, ग्वालियर, आम्बेर, अजमेर, इब्राहिम का भाई महमूद लोदी दे रहे थे। आरम्भ मे बाबर की सेना विचलित हो गई, किन्तु बाबर के कुशल सैनिक नेतृत्व तथा ओजस्वी भाषण से उसके सैनिकों में नवस्फूर्ति आयी। बाबर ने राणा सांगा के विरूद्ध 'जिहाद' की घोषणा की। 20 घंटे के भीषण युद्ध के पश्चात् बाबर को विजय प्राप्त हुई तथा उसने 'गाजी' की उपाधि धारण किया। राणा सांगा घायल होकर युद्ध स्थल से बच निकला लेकिन बाद में किसी सामंत ने उसे जहर दे दिया जिससे उसकी मृत्यु हो गयी।
   - **संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 4, मुगल साम्राज्य** के संबंध में बच्चों को जानकारी प्रदान करें।

2. **साइना नेहवाल का जन्म–** भारत के स्टार बैडमिन्टन खिलाड़ी साइना नेहवाल का जन्म हिसार, हरियाणा में 17 मार्च, 1900 ई. को हुआ था। अप्रैल 2015 में उनकी विश्व रैंकिंग 1 घोषित की गई इस मुकाम तक पहुँचने वाली प्रथम भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। साइना नेहवाल भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार–बैडमिंटन(2009), पद्म श्री (2010), सर्वोच्च खेल पुरस्कार राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (2010) और पद्म भूषण (2016) से सम्मानित हो चुकी हैं।
   - **संदर्भ:** अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक **रेडियंस भाग 1 अध्याय 6** के संदर्भ में चर्चा करें।

3. **बक्सर जिला स्थापना दिवस–** बक्सर जिला की स्थापना 17 मार्च, 1991 ई. को हुई थी। प्राचीन काल में ऋषि दुर्वासा के अभिशाप से ऋषि वेदशीरा का चेहरा बाघ जैसा हो गया था, जिन्हें एक पवित्र कुंड में स्नान करने के बाद पूर्वावस्था की प्राप्ति हुई थी। इसी कारण इस जगह का नाम 'व्याघ्रसर' रखा गया था। रामायणकाल में ताड़का वध और आधुनिक काल में अंग्रेजों के साथ बक्सर की लड़ाई इसी जिले में लड़ी गई थी।

4. **कैलिफोर्नियम तत्व की खोज–** 17 मार्च, 1950 को ''कैलिफोर्नियम'' तत्व, परमाणु संख्या–98 की खोज यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले के वैज्ञानिकों ने की।

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

17 मार्च

मधु प्रिया

## बक्सर जिला की स्थापना 17 मार्च




प्राचीन काल में बक्सर का नाम 'व्याघ्रसर' था। क्योंकि उस समय यहाँ पर बाघों का निवास हुआ करता था तथा एक बहुत बड़ा सरोवर भी था जिसके परिणामस्वरुप इस जगह का नाम व्याघ्रसर पड़ा। बक्सर पटना से लगभग 75 मील पश्चिम और मुगलसराय से 60 मील पूर्व में पूर्वी रेलवे लाइन के किनारे स्थित है। यह एक व्यापारिक नगर भी है। 11 वर्षों के लंबे आंदोलन के बाद बक्सरवासियों ने बक्सर को अनुमंडल के बाद जिला बनाने में सफलता हासिल की। वैसे तो इस पूरे आंदोलन में सैकड़ों लोग शामिल हुए, जिसमें बुद्धिजीवी, समाजसेवी, व्यवसायी, श्रमिक, किसान, साहित्यकार, रंगकर्मी, राजनीतिज्ञ, पत्रकार और छात्र-छात्राएं शामिल थे।जनवरी 1980 से अनवरत संघर्ष के बाद बक्सर 17 मार्च 1991 को आखिरकार जिला बन गया। 1980 से लेकर 1990 तक में बक्सरवासियों ने पांच बार बक्सर बंद कराया, जो अभूतपूर्व रहा और उससे सरकार की कुंभकर्णी निद्रा टूटी और फिर बक्सर को जिला का दर्जा मिल गया।

# जयंती विशेष 17 मार्च

## भारत की बेटी कल्पना

**पहली भारतीय महिला अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला जी**

की जयंती पर सादर श्रद्धांजलि।




**कल्पना चावला** *Kalpana Chawla*, जन्म- 17 मार्च, 1962; मृत्यु- 1 फ़रवरी, 2003) एक भारतीय अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री और अंतरिक्ष शटल मिशन विशेषज्ञ थी। वे कोलंबिया अन्तरिक्ष यान आपदा में मारे गए सात यात्री दल सदस्यों में से एक थीं।

 राकेश कुमार

# बिहार दिवस विशेष

17 मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री



आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

## 29 बिहार का शेर शाह सूरी टॉम्ब सासाराम

बिहार के सासाराम इलाके में शेर शाह सूरी का मकबरा भारत के सबसे प्रभावशाली मकबरों में से एक माना जाता है। इसे दूसरे "भारत के ताजमहल" के रूप में जाना जाता है और यह दिवंगत सम्राट शेर शाह सूरी को समर्पित एक विशाल मकबरा है। मकबरे का निर्माण **1540** और **1545** के बीच पूरा हुआ था और पूरी संरचना को आज तक खूबसूरती से संरक्षित किया गया है। यह वास्तुकला की इंडो-इस्लामिक शैली का एक सुंदर नमूना है जो लाल पत्थर से बना है जिसके आगे के भाग पर जटिल नक्काशी है। मकबरा **122** फीट ऊंचा है और इसमें सुंदर गुंबद, मेहराब, स्तंभ, मीनार, छतरियां और बहुत कुछ है।

राकेश कुमार

# विभिन्न तत्वों से परिचय

## रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

## तत्व (Element)


गैडोलीनियम(Godolinium)
लैंथनाइड सीरीज तत्व

संकेत - (Symbol) **Gd**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -64

समूह- f block group
आवर्त(period) -6
ब्लाक( block )-f
संयोजकता( valancy) -3
समस्थानिक(Isotopes) -4
विन्यास -[Xe]$4f^7 5d^1 6s^2$

परमाणु भार (A.weight) -157.25




### खोज

1880, चार्ल्स डी मार्जिनैक

### भौतिक गुण

चांदी सफेद, आधातवर्ध्य, तन्य, दुर्लभ पृथ्वी धातु

### रासायनिक गुण

तनु अम्ल में घुलनशील, हवा -पानी के साथ धीरे धीरे प्रतिक्रिया शील

### उपयोग

मिश्र धातु, परमाणु रिएक्टर, इलेक्ट्रॉनिक, आप्टिकल

Anu priya

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

## धूप में सफेद कपड़े की अपेक्षा काले कपड़े अधिक गर्म हो जाते हैं क्यौं?

सफेद कपड़ा ऊष्मा का बुरा अवशोषक  होता है तथा यह सूर्य से आपतित ऊष्मा की किरणों को परावर्तित कर देता है।इस प्रकार उजला कपड़ा कम ऊष्मा अवशोषित करता है।फलत: सफेद कपड़ा गर्मी में अधिक गर्म नहीं हो पाता है। यहीं कारण है कि लोग गर्मी में सफेद कपड़ा पहनना पसंद करते हैं।



*Madhu priya*

# मुंबई इंडियंस दूसरी बार बनी WPL चैंपियन:

## दिल्ली कैपिटल्स को 8 रन से फाइनल हराया; हरमनप्रीत की फिफ्टी, सिवर-ब्रंट को 3 विकेट




WPL विजेताओं की सूची

| सीज़न | WPL विजेता | उप-विजेता |
|---|---|---|
| 2023 | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स |
| 2024 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | दिल्ली कैपिटल्स |
| 2025 | मुंबई इंडियंस | दिल्ली कैपिटल्स |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 17.03.2025

## बहु अनुक्रिया का नियम
## (Law of Multiple Response)

बहु अनुक्रिया का नियम **(Law of Multiple Response)** का अर्थ है कि जब कोई व्यक्ति किसी नई समस्या का सामना करता है, तो वह विभिन्न प्रकार की प्रतिक्रियाएँ (अनुक्रियाएँ) करता है, जिनमें से कुछ सही होती हैं और कुछ गलत, लेकिन अंततः वह सही प्रतिक्रिया तक पहुँच जाता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



मॉरीशस ने **प्रधानमंत्री मोदी** को ग्रैंड कमांडर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार और की ऑफ **द इंडियन ओशन** से सम्मानित किया है। इसके साथ ही ये किसी देश द्वारा **प्रधानमंत्री मोदी** को दिया जाने वाला **21वां अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार** है।

# ToB बूझो तो जानें..



499

मेरी पूंछ पर हरियाली, तन है मगर सफेद,
खाने के हूँ काम आती, अब बोलो मेरा भेद ....बुझो तो जानें ?



www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

17 मार्च



भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी , एक महीने में तीसरी बार प्रथम
वरीयता पाने वाली अकेली महिला खिलाड़ी


# साइना नेहवाल

जी के जन्मदिवस पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की
ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersof bihar.org

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अदम्य इच्छाशक्ति की प्रतीक, भारत
की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री
कल्पना चावला
जी की जयंती पर सादर नमन।
जन्म- 17 मार्च 1962 - मृत्यु- 1 फरवरी 2003
Madhu priya
www.teachersofbihar.org




www.teachersofbihar.org